प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में 7 दशमलव 3 प्रतिशत की बढोतरी हुई।
- केन्द्र सरकार ने एलपीजी कॉमर्शियल–गैस सिलेंडरों की कीमत में 14 रुपए 50 पैसे की कटौती की।
- अजमेर के सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 813वां उर्स की शुरूआत– जायरिनों के लिए जन्नती दरवाजा खोला गया।
- प्रदेश में लगातार कोहरे और कडाके की सर्दी का दौर जारी–आगामी दिनों में कई जगहों पर बूंदाबांदी के आसार।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राजरंगम महोत्सव की होगी शुरूआत।

..............................

वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7 दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह एक लाख 73 करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। दिसंबर 2023 में सकल जीएसटी राजस्व एक लाख 64 हजार करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष दिसंबर में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32 हजार आठ सौ छत्तीस करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 40 हजार चार सौ 99 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह 47 हजार सात सौ 83 करोड़ रुपये और उपकर 11 हजार 4 सौ 71 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष नवम्बर में सकल जीएसटी संग्रह में साढे आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और यह एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

..............................

कोयला मंत्रालय के रिकार्ड के अनुसार दिसम्बर 2024 में कोयला उत्पादन और ढुलाई में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है। दिसम्बर महीने के दौरान कोयले का उत्पादन नौ करोड़ 79 लाख चालीस हजार टन हुआ है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में नौ करोड़ 29 लाख 80 हजार टन था। इस प्रकार कोयला उत्पादन की वृद्धि दर पांच दशमलव तीन–तीन प्रतिशत रही। कोयला कम्पनियों के अन्तर्गत कोयला खदानों में एक करोड़ 89 लाख पचास हजार टन कोयले का उत्पादन हुआ। इस तरह पिछले वर्ष उसी अवधि में एक करोड़ 46 लाख 20 हजार टन उत्पादन की तुलना में 29 दशमलव छह एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।

..............................

एलपीजी कमर्शियल–गैस सिलेंडरों की कीमत में 14 रुपए 50 पैसे की कटौती की गई है। अब 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत दिल्ली में एक हजार आठ सौ चार रुपये, मुंबई में एक हजार सात सौ 56 रुपये, कोलकाता में एक हजार नौ सौ 11 रुपये और चेन्नई में एक हजार नौ सौ 66 रुपये होगी। हालांकि, घरेलू रसोई गैस की 14 दशमलव दो किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतें आठ सौ तीन रुपये ही बनी रहेंगी।

..............................

रजब का चांद दिखाई देने के साथ ही सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर 813वां उर्स औपचारिक रूप से शुरू हो गया। कल जन्नती दरवाजा जायरीन के लिए खोला गया और दरगाह के शाहजहानी गेट से साजियाने बजाए गए। गंज चिल्ला शरीफ से कलंदरों का जुलूस शुरू होकर दरगाह शरीफ पहुंचा, जहां निशान पेश किए गए। मस्त कलंदरों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। हमारी संवाददाता ने बताया कि चार जनवरी को केंद्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर चढ़ाएंगे। श्री रिजिजू इसी दिन दरगाह की वेब पोर्टल और गरीब नवाज एप की लॉचिंग भी करेंगे।

.............................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल विधानसभा वार्षिक कैलेण्डर 2025 का विमोचन किया। इस मौके पर श्री देवनानी ने कहा कि साल 2025 के कैलेण्डर में लोक देवताओं, वीर–वीरागंनाओ और महापुरुषों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि महापुरुषों के आदर्श आमजन के प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। इससे आमजन को स्थानीय लोक देवताओं के साथ वीर–वीरागंनाओं के द्वारा किये गये राष्ट्र के लिये बलिदान और त्याग की जानकारी मिल सकेगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा के सदन को हाईटेक बनाने के लिये किये जा रहे कार्यो का भी अवलोकन किया।

.............................

प्रदेश में लगातार कोहरे और कडाके की सर्दी का दौर जारी है। प्रदेश में चल रही शीत लहर के चलते दिन और रात के पारे में गिरावट आई है। राज्य के अधिकतर शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। कोहरे के चलते दृश्यता कम होने के कारण हवाई, रेल और सड़क यातायात पर प्रभाव देखने को मिल रहा है। सीकर में कड़ाके की सर्दी का असर बरकरार है। जिले के फतेहपुर शेखावाटी में भी तापमान 3 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना हुआ है। करौली में तेज सर्दी और कोहरे से जनजीवन प्रभावित नजर आ रहा है। चूरू, झुंझुनूं, भरतपुर और सिरोही में भी तेज सर्दी के कारण आमलोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं जैसलमेर और पोकरण में भी तेज सर्दी पड रही है।

.............................

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने कल तक शीतलहर का दौर चलने और 4 और 5 जनवरी को बादल छाये रहने की संभावना जताई है। वहीं कुछ जगहों पर बूंदाबांदी होने की भी संभावना है।

.............................

जयपुर पुलिस मुख्यालय में आज नववर्ष स्नेह मिलन समारोह मनाया जाएगा। प्रशासन और कानून व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि इस नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तथा पुलिस मुख्यालय से बाहर जयपुर शहर में कार्यरत समस्त भारतीय पुलिस सेवा तथा राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल होंगे।

.............................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से 7वे राजस्थान रंग महोत्सव राजरंगम की शुरूआत होगी। केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित ये महोत्सव 5 दिनों तक चलेगा। महोत्सव के पहले दिन आज शाम को रंगायन सभागार में 'काल पुरुष:क्रांतिकारी वीर सावरकर' नाटक का मंचन होगा।

.............................